सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर, उ0प्र0–272202
Website : www.suksn.edu.in – Email Id : registrarsidduniv@gmail.com

पत्रांकः 434/सि0वि0वि0/सम्बद्धता/2026 दिनांकः 23/05/2026

सेवा में,

सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय,
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।

विषय–महाविद्यालय तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (MSME) के मध्य एम०ओ०यू० (Memorandum of Understanding) कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

आपको अवगत कराना है कि छात्र–छात्राओं के कौशल विकास, उद्यमिता संवर्धन, रोजगारपरक शिक्षा एवं औद्योगिक सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महाविद्यालयों को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (MSME) अथवा संबंधित औद्योगिक संस्थानों से एम०ओ०यू० (Memorandum of Understanding) संपादित किए जाने हेतु निर्देशित किया जाता है।

उल्लेखनीय है कि एम०ओ०यू० के माध्यम से छात्र–छात्राओं को प्रशिक्षण, इंटर्नशिप, कार्यशाला, सेमिनार एवं स्वरोजगार संबंधी गतिविधियों से जोड़ने का अवसर प्राप्त होगा, जिससे छात्र–छात्राओं का व्यावसायिक एवं तकनीकी कौशल का विकास सुनिश्चित हो सकेगा।

अतः समस्त महाविद्यालयों से अपेक्षा की जाती है कि यथाशीघ्र MSME के स्थानीय/क्षेत्रीय कार्यालयों से सम्पर्क कर एम०ओ०यू० की प्रक्रिया पूर्ण करें। निष्पादित एम०ओ०यू० की एक सत्यापित छायाप्रति अनिवार्य रूप से विश्वविद्यालय के ई–मेल sukaffiliation@gmail.com पर यथाशीघ्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय
23/05/26

कुलसचिव,
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।

पत्रांक : तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि, निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या सम्बद्ध सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर।
2. निजी सचिव, कुलपति को कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
3. प्रभारी कोडिंग सेल को इस निर्देश के साथ कि उक्त सूचना विश्वविद्यालय के वेबसाइट तथा कालेज लॉगिन पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।
4. गार्ड फाइल में संरक्षित हेतु।

कुलसचिव,
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।